कृपया प्रकाशनार्थ **10 दिसंबर 2012**

रेल समस्याएं जानने के लिए मुंबई आने के लिए रेल मंत्री तैयार

मुंबई, सोमवार: मुंबई के उपनगरी रेल यात्रियों की समस्याएं जानने के लिए मुंबई आने का आश्वासन रेल मंत्री श्री पवन कुमार बन्सल ने पूर्व पेट्रोलियम मंत्री श्री राम नाईक को दिया. मुंबई की रेल समस्याओं के विषय में श्री नाईक ने रविवार को रेल मंत्री से नयी दिल्ली में चर्चा की तब यह आश्वासन दिया गया.

मुंबई में कई रेल योजनाएं लंबे अरसे से प्रलंबित है. इन्हे जल्द से जल्द पुरा करने के लिए आनेवाले रेल बजट में रु.1,000 करोड का प्रावधान रखा जाए, ऐसा अनुरोध इस समय श्री.राम नाईक ने किया. इसके पहले के रेल मंत्री ने रेल बजट के भाषण में मुंबई के रेल स्थानकों पर एक वर्ष के अंदर 50 एस्केलेटर्स बनानी की घोषणा की थी. किंतु बजट में उसके लिए मात्र रु. बीस लाख का प्रावधान था, इसकी ओर भी श्री नाईक ने रेल मंत्री का ध्यान आकर्षित किया.

विरार-डहाणू रेल मार्ग का विस्तार हुआ, डीसी का एसी हुआ. मगर फिर भी चर्चगेट-डहाणू सीधी रेल गाडी शुरु न होने से मुंबई के रेल यात्री गुस्से में हैं. उनका संयम टूटने का इंतजार न करते हुए अब चर्चगेट-डहाणू गाडी फौरन शुरु करें, ऐसी माँग भी श्री नाईक ने की.

रोज बढती भीड की समस्या पर तुरंत राहत देने के लिए पहले सभी नौ डिब्बों की गाडीयां 12 डिब्बों की करना, और बाद में सभी गाडीयों को 15 डिब्बे जोडने के सिवा कोई चारा नही है, ऐसा स्पष्ट अभिमत श्री. नाईक ने रेल मंत्री को दिया. डीसी का एसी होने से गाडीयों की रफ्तार 25 प्रति शत बढ सकती है. नया टाईमटेबल बना कर गाडीयों का स्पीड बढाना चाहिए, ऐसी माँग भी श्री. नाईक ने की.

उन्नत रेल योजना (एलेव्हेटेड रेल कॉरिडॉर) बनाने से पहले मुंबई के रेल यात्रियों को विश्वास दिला कर उनकी राय जाननी चाहीए, रेल यात्री संगठनों से भी विचार-विमर्श करना चाहिए, ऐसा सुझाव श्री.राम नाईक ने दिया. उन्हों ने कहा कि मुंबई के रेल यात्रियों को लग रहा है कि उनकी उपेक्षा हो रही है. इसलिए मुंबई की सभी योजनाओं की स्थिती बताने के लिए मुंबई रेल व्यवस्था पर श्वेत पत्र जारी करें,ऐसी माँग श्री. नाईक ने की है.

इन सभी माँगो पर विचार किया जाएगा तथा मुंबई की रेल यात्रियों की समस्या जानने के लिए मुंबई आऊँगा ऐसा आश्वासन रेल मंत्री श्री बन्सल ने इस समय श्री. नाईक को दिया.

(कार्यालय मंत्री)